हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
15 अप्रैल 2024, समय 1305

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. अंबेडकर की जयंती पर जारी किया गया, संकल्प पत्र विकसित भारत का दृढ़ संकल्प है।

कल करनाल में संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वो सब किया गया है जो भारतीय जनता पार्टी ने पहले कहा था और अब इस बार के संकल्प पत्र में कहा गया है वो श्री मोदी के नेतृत्व में शत प्रतिशत पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के कल्याणा का संकल्प दोहराया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प पत्र भारत को वर्ष 2047 विकसित राष्ट्र बनाने की प्रधानमंत्री की परिकल्पना पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हरियाणावासियों के लिए यह खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प पत्र की पहली प्रति हरियाणा के झज्जर जिले के सिलानी गांव के किसान रामवीर चाहर को सौंपी है।

श्री सैनी ने कहा कि बुजुर्गों को 5 लाख रूपये तक के मुफ्त इलाज की गारंटी और गरीबों को 3 करोड़ पक्के मकान देने का वादा किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र और आत्मनिर्भर बनाने का वादा किया गया है।

एक संवाददाता के प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के इस संकल्प पत्र से देश के हर नागरिक का सपना साकार होगा।

...............................................................................................

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल देर शाम फरीदाबाद के बड़खल में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया।

हरियाणा की शिक्षा मंत्री एवं भाजपा नेता श्रीमती सीमा त्रिखा और तिगांव से विधायक राजेश नागर द्वारा आयोजित इस रैली में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे। रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई है।

उन्होंन कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार दिया है। मुख्यमंत्री ने लागों से कृष्णपाल गुर्जर को वोट देने की अपील की।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भावुक अंदाज़ में इस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री रहते करनाल और बड़खल विधानसभा क्षेत्र में कोई फर्क नहीं समझा और श्रीमती सीमा त्रिखा ने जब भी क्षेत्र के लिए कुछ मांगा तो उन्होंने बढ़ाकर ही दिया।

श्री मनोहर लाल ने लोगों से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को भारी मतों से जिताने की अपील की ताकि क्षेत्र में विकास का पहिया यूं ही चलता रहे।

..........................................................................................

महेंद्रगढ़ के कनीना में हुई स्कूल बस दुर्घटना के बाद स्कूल वाहनों की निरंतर जांच की जा रही है।

कल रोहतक जिले में 119 स्कूल बसों की जांच की गई और खामियां पाये जाने पर 10 बसों के चालान किए गए। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि स्कूल संचालकों से सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की अनुपालना न होने पर संबंधित स्कूल संचालक के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

पानीपत के उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि कल जिले में 65 स्कूल बसों की जांच की गई खामियां पाये जाने पर 3 का चालान किया गया, जबकि एक वाहन को कब्ज़े में ले लिया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के मामले में कोई ढील नहीं दी जाएगी।

उधर कुरूक्षेत्र जिले के थानेसर व शाहबाद उपमंडल में पुलिस, क्षेत्रीय परिवहन विभाग एवं शिक्षा विभाग की टीम द्वारा 550 स्कूल बसों की जांच की गई। खामियां पाए जाने पर 5 बसों का चालान किया गया औश्र 5 हज़ार रूपये का जुर्माना किया गया।

इस बीच महेंद्रगढ़ जिला पुलिस ने हादसे का शिकार हुई बस के चालक का व्यावसायिक वाहन चलाने का लाईसेंस रद्द करने की सिफारिश की है।

..........................................................................................

श्री अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू होगी जिसके लिए आज से पंजीकरण शुरू हो गया है। यह वार्षिक धार्मिक यात्रा 19 अगस्त तक चलेगी।

अंबाला से हमारे संवाददाता ने बताया है कि अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में यात्रा के लिए चिकित्सा जांच का काम शुरू हो गया है। यात्रा पर जाने के इच्छुक शिव भक्तों की रक्तचाप और हृदय संबंधी जांच की जा रही है।

अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकवीर सिंह ने बताया कि इसके लिए अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल में एक विशेष सहायता केंद्र भी बनाया गया है जिसमें कई चिकित्सकों की तैनाती की गई है, ताकि यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। इसके मद्देनज़र कल से ओपीडी जल्दी खुलेगी। ओपीडी का समय 9 बजे से 3 बजे की बजाये 8 से 2 बजे तक कर दिया गया है।

..........................................................................................